हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / प्र0परी0 / 2024 / 234 दिनांक : 23 / 03 / 2024

## –:प्रेस विज्ञप्तिः–

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल की पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा 2023–24 आगामी 31मार्च 2024 (रविवार प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) को आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय ने दिल्ली सहित देहरादून टिहरी एवं श्रीनगर गढ़वाल में परीक्षा केन्द्र बनाये हैं। पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा 47 विषयों के लिये आयोजित की जा रही है इस परीक्षा के लिये लगभग 2440 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं जिसमें प्रवेश परीक्षा के लिये लगभग 1800 से अधिक परीक्षार्थी हिस्सा लेगें तथा 640 आवेदक प्रवेश परीक्षा से मुक्त श्रेणी (**Exempted Category**) के होंगे।

पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा के लिये राजधानी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, राजा गार्डन नई दिल्ली, देहरादून में 02 परीक्षा केन्द्र डी0ए0वी0 (पी0जी0) कॉलेज, देहरादून व डी0बी0एस0 (पी0जी0) कॉलेज देहरादून केन्द्र बनाये गये हैं। जबकि श्रीनगर में बिड़ला परिसर व टिहरी में एस0आर0टी0 परिसर बादशाहीथौल केन्द्र बनाये गये हैं। पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा 2023–24 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किये जा चुके हैं।

अतः पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा 2023–24 में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र–छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://online.hnbgu.ac.in/ से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

23/3/24
(प्रो0 अनिल कुमार नौटियाल)
कोर्डिनेटर, प्रवेश परीक्षा

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / टिहरी, पौड़ी परिसर।
2. समस्त प्राचार्य / निदेशक / सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
3. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक।
4. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, को इस आश्य से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रसारित करवाने का कष्ट करें।
6. सिस्टम मैनेजर, को इस आश्य से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव, कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
8. मा0 प्रति कुलपति, महोदय को सादर सूचनार्थ।
9. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदया को सादर सूचनार्थ।
10. गार्ड फाईल।

23/3/24
(प्रो0 अनिल कुमार नौटियाल)
कोर्डिनेटर, प्रवेश परीक्षा